**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 05.03.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा भारत को विकसित देश बनाना राष्ट्रीय लक्ष्य है।
2. विश्व मोटापा दिवस के अवसर पर खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व के लिए मोटापा एक बडी समस्या बनकर उभरी है।
3. जन औषधि केन्द्रों की संख्या पच्चीस हजार तक बढ़ाने की योजना।
4. मुख्य सचिव ने कार निकोबार में ड्राइविंग स्कूल का वर्चुअल उद्घाटन किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि इस सदी के पूर्वार्ध के अंत से पहले भारत को विकसित देश बनाना राष्ट्रीय लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों के सभी हितधारकों और विद्यार्थियों को वैश्विक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा। राष्ट्रपति भवन में कल दो दिवसीय विजिटर्स सम्मेलन के समापन भाषण में राष्ट्रपति ने ये बात कही। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए शिक्षण संस्थानों से जुडे सभी लोगों को तथा विद्यार्थियों को ग्लोबल माइंडसेट के आधार पर आगे बढना होगा।

<><><><><><><>

विश्व मोटापा दिवस के अवसर पर खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि सम्पूर्ण विश्व के लिए मोटापा एक बडी समस्या बनकर उभरी है। वर्तमान समय में विश्व में आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से पीडित है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी ने मन की बात कार्यक्रम में हमें तेल का उपयोग कम करने के लिए कहा है, जिससे हम मोटापा, ब्लडप्रेशर और फैटीलीवर जैसे अनेक रोगों से मुक्ति पा सकते हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान संस्थान और प्रशिक्षण केन्द्र, राज्य शिक्षा संस्थान और परख के सहयोग से हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड के प्रभावी कार्यान्वयन पर दो दिवसीय अध्ययन कार्यशाला आयोजित की गई। मॉडल स्कूल के सभागार में आयोजित इस कार्यशाला में शिक्षकों को नए मूल्यांकन ढांचे के अनुरूप प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य शिक्षा संस्थान की वरिष्ठ अधिकारी प्रोफेसर मृदुला भंडारी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने ''परख'' की राष्ट्रीय पहल पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों और अभिभावकों की संयुक्त भूमिका पर जोर दिया। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद के विशेषज्ञ डॉक्टर विवेक गुप्ता और डॉक्टर कृष्णा सक्सेना ने शिक्षकों को आवश्यक कौशल और समझ प्रदान करने के लिए इस प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया। यह कार्यशाला केन्द्रशासित प्रदेश में शिक्षकों को सशक्त बनाने और सभी कक्षाओं में हॉलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड को प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यशाला का समापन राज्य शिक्षा संस्थान के संकाय सदस्य साजी थॉमस के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय बधिरता रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा मध्योत्तर अण्डमान में नवजात शिशुओं के लिए स्क्रीनिंग और श्रवण जांच शिविर लगाए जाएंगे। यह शिविर छह से ग्यारह मार्च तक चलेगा, जिसमें कदमतला, बाराटांग, रंगत, डिगलीपुर, कालीघाट, डॉक्टर आर.पी. अस्पताल मायाबंदर और बिल्लीग्राउंड के स्वास्थ्य केन्द्रों में जांच की जाएगी। इस दौरान ईएनटी विशेषज्ञ, ऑडियोलॉजिस्ट और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी शिशुओं की जांच करेंगे।

<><><><><><>

नीति आयोग के सदस्य वीके पॉल ने कहा है कि सरकार जनऔषधि केंद्रों के बारे में जागरूकता फैलाने के अभियान पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जनऔषधि केंद्रों पर लगभग दो हजार दवाएं और तीन सौ सर्जिकल उपकरण उपलब्ध हैं। श्री पॉल ने कहा कि इन केन्द्रों का उद्देश्य लोगों को किफायती दरों पर उच्च गुणवत्ता वाली दवाएं उपलब्ध कराना है। जन औषधि केन्द्र एक आउटलेट होती है। जिसमें की हाई क्वालिटी जनरिक दवाइयां उपलब्ध की जाती हैं। आज देश में पन्द्रह हजार के लगभग जन औषधि केंद्र बन गये हैं। दो हजार सत्ताइस तक इनकी संख्या पच्चीस हजार कर दी जायेगी।

<><><><><><>

मुख्य सचिव डॉक्टर चन्द्र भूषण कुमार ने परिवहन विभाग को निकोबार जिले के स्थानीय युवाओं को ड्राइविंग कौशल और विभिन्न तकनीकी ट्रेडों में कौशल विकास प्रशिक्षण देने के उददेश्य से कार निकोबार में मोटर ड्राइंविंग स्कूल खोलने का निर्देश दिया। परिवहन विभाग ने वाहनों को चलाने का प्रशिक्षण देने के लिए एसटीएस यूनिट कार निकोबार के परिसर में पहला मोटर ड्राइविंग स्कूल स्थापित किया है। नए मोटर ड्राइविंग स्कूल का उद्‌घाटन कल मुख्य सचिव ने प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों और कार निकोबार के आदिवासी नेताओं की उपस्थिति में वर्चुअल रूप से किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इस ड्राइविंग स्कूल के खुल जाने से स्थानीय निवासियों को मोटर वाहन चलाने का सही तरीका सीखने का अवसर मिलेगा। उद्‌घाटन से पहले परिवहन विभाग द्वारा एक लघु वीडियो के माध्यम से ड्राइविंग स्कूल की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा विभाग की ओर से मोटर मैकेनिक और ऑटो इलेक्ट्रीशियन के क्षेत्र में अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के तहत कार निकोबार के तीन स्थानीय युवाओं को शामिल किया गया है। आदिवासी कप्तानों और स्थानीय निवासियों की उपस्थिति में निकोबार जिला उपायुक्त द्वारा ड्राइविंग स्कूल की पट्टिका का अनावरण भी किया गया।

<><><><><><>

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं अभियान के अंतर्गत कैम्पबेल बे के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर के सहयोग से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य सेविका वृंदा ने समाज में बालिकाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश को सशक्त रूप से प्रस्तुत किया। उन्होंने समाज में बेटियों के अधिकार और उनकी भविष्य की सुरक्षा पर बल दिया। इस कार्यक्रम का उददेश्य किशोरियों को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना था। कार्यक्रम में स्वच्छता बनाए रखने के लिए छात्राओं को सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। स्थानीय प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग की इस पहल को व्यापक समर्थन मिला, जिससे छात्राओं को लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ।

<><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का अड़तीसवां दीक्षांत समारोह आज सुबह ग्यारह बजे आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह नई दिल्ली के इग्नू मुख्यालय में आयोजित किया जाएगा। दीक्षांत समारोह में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र

प्रधान मुख्य अतिथि होंगे। श्री विजयपुरम क्षेत्रीय केंद्र में लगभग नौ सौ इक्यावन छात्र दीक्षांत समारोह में विभिन्न डिग्री प्राप्त करने के पात्र हैं।

<><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय की ओर से यात्रियों के सुविधा को देखते हुए हर गुरूवार को लिटिल अण्डमान के लिए अतिरिक्त नौका सेवा शुरू करने की घोषणा की है। इस संबंध में एम वी लॉन्ग आइलैंड कल सुबह छः बजकर पन्द्रह मिनट पर फीनिक्स बे जेट्टी से लिटिल अंडमान के लिए रवाना होगा और कल ही दोपहर एक बजे लिटिल अंडमान से श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगा।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 'चेस इन स्कूल' कार्यक्रम का उद्‌घाटन कल डाइट गाराचरामा में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ज्ञानशील दुबे ने पहली चाल चलकर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने प्रशिक्षुओं से इस कार्यक्रम का पूरा लाभ उठाने को कहा। इस अवसर पर सहायक निदेशक, खेल' मोहम्मद इरशाद अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सहायक निदेशक ने शतरंज को एक बौद्धिक खेल बताते हुए कहा कि यह खेल योजना निर्माण, रणनीति, निर्णय लेने और समस्या समाधान जैसे कौशल विकसित करने में मदद करता है।

<><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

नौसेना प्रमुख के अण्डमान निकोबार कमान का दौरा करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। अखबार ने आईटीएफ मैदान में मेगा बुक फेयर का आयोजन करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। मुख्य सचिव द्वारा कार निकोबार में परिवहन विभाग द्वारा स्थापित ड्राइविंग स्कूल का वर्चुअल रूप से उद्‌घाटन करने के समाचार को **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। इसके अलावा अखबार ने चिड़ियाटापू स्थित जैविक उद्यान में विश्व वन्य जीव दिवस मनाए जाने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। स्कूलों में समग्र प्रगति कार्ड के प्रभावी कार्यान्वयन पर कार्यशाला आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** और **अण्डमान क्रोनिकल** ने सचित्र प्रकाशित किया है। जंगलीघाट में बहुददेशीय शेड का शिलान्यास करने के समाचार को **इको ऑफ इंडिया** में जगह मिली है। डाक विभाग द्वारा पत्र लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने के समाचार को **द अण्डमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने प्रकाशित किया है।

<><><><><><>